हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 जून 2026

06 फिल्में देख डकैती की योजना बनाई लेकिन...



07 खरीदी बंद होने से भड़के किसानों ने किया...





## खबर संक्षेप

### पशुपतिनाथ मंदिर में भागवत कथा आज से

**सागर**। तिली रोड स्थित बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर आयोजित होने वाली भागवत कथा आज 2 जून से प्रारंभ होगी। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया आज सुबह 9.30बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी जो मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बापिस मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी। कथा 8 जून तक चलेगी कथा का समय शाम 7बजे से रात्रि10.30बजे तक रहेगा,9जून को हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी होगी। कथा व्यास राष्ट्रीय संत गौपीठाधीश्वर पं.विपिन बिहारी जी महाराज होंगे कथा के यजमान महेशचंद दुबे, केशवप्रसाद गांधी एवं रामप्रकाश श्रीवास्तव रहेंगे। पशुपतिनाथ भक्त मंडल ने सभी सनातन धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है ।

### उड़द की फसल पककर तैयार, कटाई भी हुई शुरू

**खुरई**। गर्मियों में लगाई उड़द की फसल पककर तैयार हो गई है। इसकी कटाई भी शुरू हो गई है। मौसम अनुकूल होने से किसानों का उत्पादन अच्छा मिला है। अब खरीफ के मौसम में उड़द की बुआई के लिए किसान इसके बीज का उपयोग कर सकेंगे। गर्मियों में बीज तैयार करने किसान उड़द की फसल लगाते हैं। पानी की उपलब्धता होने पर फसल अच्छी होती है। किसान मनीष तिवारी ने बताया कि उड़द का उत्पादन ठीक आया है। खरीफ में भी ज्यादा लोग उड़द की बुआई की तैयारी कर रहे हैं। जिससे इसका रकबा बढ़ सकता है।

### परसा चौराहा पर केबल में आग लगी, सप्लाई बंद

**खुरई** । रविवार शाम को परसा चौराहे पर केबल में आग लग गई। जिसकी सूचना बिजली कंपनी को दी। इसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से सिटी फीडर बंद किया। टीम मौके पर पहुंची और सुधार कर सप्लाई बहाल की। गौरतलब है कि तेज गर्मी के कारण लोड बढ़ने से बिजली केबल, ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। बिजली के सभी उपकरण ज्यादा गर्म हो रहे हैं।

### प्रलेस की काव्य गोष्ठी में अरुण दुबे सम्मानित

**सागर**। प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के द्वारा फुसकेले निवास पर गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के संरक्षक गजलकार डॉक्टर गजाधर सागर ने की। महासचिव पेट्रिस फुसकेले के द्वारा विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि कवि अरुण दुबे के गजल संग्रह का विमोचन भोपाल मे हुआ है। प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के द्वारा अरुण दुबे का माला पहनाकर सम्मान किया गया। द्वितीय सत्र में रचनाकारों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। जिसमें दीपक राय, कैलाश तिवारी विकल, सतीश पांडे,डॉ नम्रता फुसकेले ,एम शरीफ ,मनीदेव ठाकुर, पी आर मलैया,ज्योति झुड़ेले, वृंदावन राय सरल, अमित आठिया, ममता भूरिया, वीरेंद्र प्रधान, सुमन झुड़ेले, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी, मुकेश तिवारी,पेट्रिस फुसकेले ,डॉ नलिन जैन निर्मल, पूरन सिंह राजपूत, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, डॉ गजाधर सागर, कु हर्षिता ठाकुर , टीकाराम त्रिपाठी डॉ अभय सिंह, डॉ एम के खरे ,देवेंद्र सिंघई द्वारा कविता, दोहा, सॉनेट, लघु कथा, गजल का काव्य पाठ किया गया ।गोष्ठी का संचालन सतीश पांडे ने किया ।आभार नम्रता फुसकेले द्वारा दिया गया। गोष्ठी में डॉ गजाधर सागर के द्वारा दिवंगत शायर डॉ बशीर बद्र के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहित्य की योगदान पर वक्तव्य दिया और प्रलेस इकाई के द्वारा मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई ।

कमिश्नर ने की नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

# प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं : कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के लिए बनाई जा रही जल प्रदाय योजनओं का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के छतरपुर के लवकुश नगर, बक्सवाहा में जल प्रदाय योजनाओं के कार्य लंबित हैं इन सभी जल प्रदाय योजनाओं को तेजी से पूर्ण कराएं तथा लोगों को जल प्रदाय योजनओं का लाभ मुहैया कराएं। कमिश्नर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में दमोह, निवाड़ी, पन्ना की स्थिति में सुधार की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि इसमें तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कमिश्नर ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शासन का अतिमहत्वपूर्ण मिशन है। मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गति लाकर समय सीमा में सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि छतरपुर नगर पालिका क्षेत्र और बिजावर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अपेक्षित कार्य नहीं हुआ है इन नगर पालिका क्षेत्रों में तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाएं।

बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का सागर संभाग में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की वह निरंतर समीक्षा करें तथा इस योजना के क्रियान्वयन में उदासीनता और लापरवाही बरतने वाले नगरपालिका अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें।

समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में दमोह, पन्ना और टीकमगढ़ नगर पालिका अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित कार्य नहीं करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी नगरीय क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मुहैया कराएं। उन्होंने कहाकि सागर संभाग के सभी नगर पालिका अधिकारी अपनी-अपनी नगर पालिकाओं में पेयजल व्यवस्था की समुचित मॉनीटरिंग करें। नागरिकों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मुहैया कराएं। बैठक में कमिश्नर ने शाहगढ़, बण्डा एवं बक्सवाहा नगर पालिकाओं की पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की।

बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों के सौन्दर्यीकरण के लिए कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन ने अवगत कराया कि सागर संभाग में नगरीय क्षेत्रों में 14 पार्कों का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें 8 पार्कों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। खजुराहो, महाराजपुर और लवकुशनगर में पार्कों के निर्माण का कार्य तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है।



## अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक ग्राम सेसई में संपन्न

### सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु अहिरवार समाज कृत संकल्पित

**सागर**। बंडा विधानसभा के ग्राम सेसई में अहिरवार महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता काशीराम अहिरवार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि एडवोकेट धन सिंह अहिरवार, विशिष्ट अतिथि राकेश अहिरवार खाद्य अधिकारी दमोह व डाक्टर राजकुमार अहिरवार थे। बैठक में मुख्य अतिथि एडवोकेट धन सिंह अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने इस समाज के लिए अपने एक के बाद एक बच्चे का बलिदान देकर भी समाज के उद्धार हेतु अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने बच्चों को पाठशाला भेजकर उन्हें शिक्षित कराये क्योंकि शिक्षा से सभी समस्याओं का निदान हो जाता है ।विशिष्ट अतिथि राकेश अहिरवार ने कहा कि समाज में फैली कुरूतियो को समाप्त करने की जरूरत है। सभा को डाक्टर राजकुमार अहिरवार,कलू माते, शंकर माते, गजेन्द्र अहिरवार जिंदा, जीवन पजनारी,भगवान दास किरौला ने सम्बोधित किया। बैठक का संचालन प्रदीप अहिरवार सचिव ने किया। बैठक में ग्राम सेसई के कलू अहिरवार, टीकम, शंकर, कंछेदी, मंगल, हल्ले, रमेश, दौलत, मिहीलाल, विजय, कल्याण, रघुनाथ, रतिराम सहित अहिरवार समाज के लोग उपस्थित थे।

## रामायण हमारे जीवन में सत्य, प्रेम और करुणा का संदेश देती हैः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भगवान शिव स्वयं श्रीराम के सबसे बड़े भक्त हैं और भगवान श्रीराम भी शिवजी की आराधना करते हैं। पद्म पुराण में इसका उल्लेख मिलता है कि भगवान शिव कहते हैं यदि कोई व्यक्ति एक बार भी राम नाम का जाप करता है तो उसे विष्णु भगवान के हजार नामों के जाप के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव निरंतर राम नाम का स्मरण करते रहते हैं और उन्हें राम कथा सुनने तथा पढ़ने से अधिक प्रिय कुछ भी नहीं है। शिवजी स्वयं मानते हैं कि कलयुग में सभी दुखों, कष्टों और परेशानियों से दूर रहने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम श्रीराम कथा है। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल कथा नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली आध्यात्मिक शक्ति है। यह बातें उन्होंने राजेंद्र जी की पवनसुत हनुमान जी की कथा में कही। कार्यक्रम में व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य साध्वी दीपेश्वरी देवी जी का उन्होंने चरण वंदन किया तथा उपस्थित वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, ग्रामीणों और युवाओं का अभिनंदन किया।

अविराज सिंह ने कहा कि यदि सत्य को समझना है तो भगवान श्रीराम को समझने का प्रयास करना चाहिए और यदि प्रेम को समझना है तो माता सीता के जीवन को जानना चाहिए। वहीं करुणा और सेवा की भावना को समझने के लिए हनुमान जी के चरणों में स्थान प्राप्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रामायण मनुष्य को सत्य, प्रेम और करुणा का संदेश देती है। जब किसी व्यक्ति के जीवन में ये तीनों गुण आ जाते हैं तो उसका जीवन स्वयं रामायण बन जाता है। राम कथा मनुष्य को जीवन के हर क्षेत्र में सही मार्ग दिखाती है और समाज में सद्भाव तथा संस्कारों को मजबूत करती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण दोनों ही प्रतिदिन सूर्योदय से पहले उठते थे और सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित करते थे। हमारे धर्म और शास्त्रों में सूर्योदय से पहले जागने को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सुबह सूर्य की पहली किरण को प्रणाम करता है और सूर्यदेव की उपासना करता है, वह अनेक रोगों और बीमारियों से दूर रहता है। विज्ञान भी इस बात को स्वीकार करता है कि सुबह का समय स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। उन्होंने कहा कि सूर्य भगवान को प्रणाम करने के बाद भगवान श्रीराम अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करते थे क्योंकि हमारे शास्त्रों में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है।

स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान का जिला विचार वर्ग आयोजित

# स्वदेशी अपनाना और गौ-आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत करना आज के समय की जरूरत : केशव दुबोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान की ओर से जिला सागर महाकौशल प्रांत का एक दिवसीय जिला विचार वर्ग तिलकगंज स्थित मैजिस्टिक प्लाजा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के कार्यों, स्वदेशी व स्वावलंबन की वर्तमान में महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, गौ-आधारित अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत के विषय पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि क्षेत्र संगठक केशव दुबोलिया ने कहा कि वर्तमान समय में स्वदेशी को अपनाना और गौ-आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करना देश की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं और आम नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष भारत वर्ष में 5 हजार से अधिक विद्यालय एवं महाविद्यालय में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन हुआ जिसमें 8 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं सहभागी रहीं। 12 से 23 जनवरी 2026 तक स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित हुई। 53 हजार आयोजन में 68 लाख युवक-युवतियां सहभागी रहीं। इस कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। वर्ष 2025 में विभिन्न स्थानों पर 55 स्वदेशी मेला हुए जिसमें 85 लाख से अधिक लोग उपस्थित हुए थे। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत 46 प्रांतों के 550 जिलों में कार्य हो रहा है।

प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने कहा कि आयोजन में राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी चेतना जैसे विषयों पर व्यापक मंथन हुआ। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रशिक्षणार्थियों ने स्वदेशी आंदोलन से जुड़े व्यावहारिक और तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष महाकौशल प्रांत में 500 से अधिक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन हुए जिसमें 50 हजार से अधिक युवा व 500 से अधिक नवयुवा व्यवसायी जुड़े। प्रांत में विगत वर्ष 7 स्वदेशी मेले आयोजित हुए जिसमें 10 लाख से अधिक लोग सहभागी बने। प्रांत में रन फॉर स्वदेशी 1800 स्थानों पर आयोजित हुईं जिसमें डेढ़ लाख से अधिक युवा शामिल हुए।

जिला संयोजक सौरभ रांधेलिया ने बताया कि जिला सागर के स्वावलंबन केंद्र व स्वदेशी मेलों से पिछले तीन वर्ष में 200 से ज्यादा युवा अपना स्वरोजगार कर स्थायित्व व्यवसायी बन गये हैं। इसके अलावा सागर जिले में तीन वर्षों में 300 से अधिक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में 30 हजार से अधिक युवा हिस्सा ले चुके हैं। जनवरी 2026 में रन फॉर स्वदेशी 600 से ज्यादा जगहों पर सागर में आयोजित हुईं जिसमें 15 हजार युवाओं ने हिस्सेदारी की। इन सब गतिविधियों से प्रभावित होकर आज सागर में युवा स्वयं के व्यवसाय करने को प्रेरित हो रहे हैं। जिला युवा आयाम प्रमुख अतुल अग्रवाल ने बताया कि सागर जिले में तीन स्वदेशी दुकान शुरू की जा चुकी हैं।

विनय मलैया ने बीते दिनों लखनऊ में स्वदेशी व्यापारी मंच की राष्ट्रीय बैठक की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्ण कालिक रविन्द्र ठाकुर ने उपस्थितजनों को शपथ दिलाई। मंच संचालन जिला सह संयोजिका सुनंदा तिवारी और जिला समन्वयिका सुष्मिता ठाकुर ने किया। आभार प्रदर्शन जिला महिला प्रमुख दीप्ति चंदेरिया ने माना। बैठक में शिव भीमसरिया, शिखर कोठिया, अखिलेश समैया, प्रांत युवा आयाम प्रमुख करण श्रीवास्तव, रानू चौहान, गौरव सिंह राजपूत, सुनीता अरिहंत और चंपक भाई आदि उपस्थित थे।



## खुरई ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर ई-रिक्शा पलटा, सीमेंट चद्दरें टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई के खिमलासा रेलवे फाटक पर बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण स्थल पर रविवार शाम दो अलग-अलग हादसे हुए। सड़क पर मौजूद गहरे गड्ढों की वजह से यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

पहला हादसा गुरुकुल चौराहा के पास हुआ, जहां खुरई से कोहा जा रहा एक ई-रिक्शा गड्ढे में फंसकर पलट गया। ई-रिक्शा चालक राजेंद्र अहिरवार ने बताया कि वह सीमेंट की चद्दरें लादकर ले जा रहा था। गाड़ी पलटने से दो चद्दरें टूट गईं, जिसका नुकसान अब उसे खुद ही भरना पड़ेगा।

### अनियंत्रित पिकअप ने बाइकों को मारी टक्कर

दूसरा हादसा तब हुआ जब एक पिकअप वाहन चालक ने सड़क के गड्ढों से बचने की कोशिश की। इस प्रयास में उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर किनारे खड़ी दो बाइकों से टकरा गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही।

### निर्माण कंपनी की लापरवाही का आरोप

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने ओवरब्रिज बना रही कंपनी पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। कृष्ण कुमार सेन सहित अन्य लोगों का कहना है कि कंपनी के ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है।

निर्माण स्थल पर न तो बैरिकेड लगाए गए हैं और न ही डायवर्जन बोर्ड। रात के समय ये गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। साथ ही, काम के कारण उड़ने वाली धूल से भी राहगीर और स्थानीय लोग परेशान हैं।




## लोकमाता अहिल्या बाई की जन्मजयंती मनाई

**रहली**। कृषक स्टेडियम में पाल समाज द्वारा लोकमाता अहिल्या देवी की जन्मजयंती मनाई गई।इस अवसर पर मुख्यातिथि गोपाल भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी समाज अपने आदि पुरुषों का सम्मान नहीं करती वह अपना भविष्य नहीं बना सकती। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने कहा हम भारत को माता ही क्यों कहते हे पिता क्यों नहीं,तब यह विचार आता हे कि जिसने पहली बार भारत माता कहा होगा,तब उसे रानी लक्ष्मीबाई, लोकमाता अहिल्याबाई का ख्याल आया होगा। प्रतिमा स्थापित होना अलग बात हे,लेकिन पाल समाज लोकमाता अहिल्या बाई की मूर्ति के प्रति बहुत सजग रहता हे। पाल समाज उन्नति की और अग्रसर हे और नशे से दूर होती जा रही हे। आज आप एक एक व्यसन जरूर छोड़कर जाए,तभी लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती मनाने की सार्थकता हे। इस अवसर पर पार्षद अमित नायक ने भी कार्यक्रम को संबोधित कियाआयोजित कार्यक्रम में श्यामलाल पाल,प्रभु पाल,भूपेंद्र होलकर सहित अनेक पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।




## पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने 32 उपचाररत मरीजों को इलाज हेतु भोपाल भेजा

गढाकोटा। मानव सेवा के संकल्प के साथ प्रति रविवार की भाँति क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के कुल 32 उपचाररत मरीजों को उनके 38 परिजनों एवं सहायकों के साथ भोपाल उपचार हेतु गणनायक निवास से एम्बुलेंस एवं वातानुकूलित बस द्वारा रवाना किया गया। विधायक पं.गोपाल भार्गव ने बताया कि इन मरीजों में नरयावली निवासी श्रीमती आशा रैकवार बच्चादानी संबंधी समस्या से पीड़ित हैं, वहीं मगरोन निवासी जालम चिन्ने अहिरवार के कूल्हे का ऑपरेशन होना है। इसी प्रकार क्षेत्र के ग्राम कुमरई निवासी हल्लेभाई (35 वर्ष) तथा भटोली निवासी रूपरानी काछी (74 वर्ष) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। इनके अतिरिक्त अन्य मरीजों को भी विभिन्न गंभीर एवं जटिल बीमारियों के उपचार, जांच एवं परामर्श के लिए भोपाल भेजा गया है। सभी मरीज भोपाल स्थित निवास पर विश्राम करेंगे तथा कल उन्हें उनकी बीमारी के अनुसार संबंधित अस्पतालों में भेजकर आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था कराई जाएगी।

## बड़ा शिकार नहीं मिला तो बुजुर्ग चरवाहे को मार लूटी बकरियां, 72 घंटे में हुआ पर्दाफाश

# फिल्में देख डकैती की योजना बनाई लेकिन अंजाम दी हत्या की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अपराध की दुनिया से प्रभावित होकर तीन युवकों ने आपराधिक फिल्मे देख देखकर पूर्व में कुछ बारदातों को अंजाम दिया। और इसके बाद भी पुलिस द्वारा पकड़े नहीं जाने से आरोपियों का इतना हौसला बढ़ा कि फिर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाने के लिये फिल्मे देखी। और फिर किसी वाहन को रोककर बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की नीयत से टीकमगढ़ जिले के देहात थाना क्षेत्र के सिद्धखान पहाड़ी पर कई दिनों तक डेरा डाले रहे लेकिन ज़ब बड़ी लूट या डकैती का मौका नहीं मिला तो एक बुजुर्ग चरवाहे की बकरिया लूट ली और विरोध किये जाने व पहचान उजागर होने की आशंका के चलते आरोपियों ने बुजुर्ग चरवाहे को गोलियों से भून दिया। लेकिन इस बार उक्त आरोपी पुलिस की नजर से नहीं बच सके। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के श्रीनगर क्षेत्र में हुए बुजुर्ग चरवाहे के अंधे कत्ल और बकरी लूटकांड का 72 घंटो में ही सनसनीखेज खुलासा करते हुये बताया कि फिल्मों और अपराध की दुनिया से प्रभावित तीन युवकों को कोई बड़ा शिकार नहीं मिला तो उन्होंने एक बुजुर्ग चरवाहे को निशाना बना लिया।




पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में गठित विशेष टीमों ने मामले का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से लूटी गई सभी 15 बकरियां, तीन अवैध देशी कट्टे और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार 26 और 27 मई की रात ग्राम श्रीनगर स्थित सिद्धखान पहाड़ी क्षेत्र में 71 वर्षीय हरचरन ढीमर अपनी बकरियों की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान तीनों आरोपी वहां पहुंचे और बकरियां लूटने का प्रयास करने लगे। जब हरचरन ने विरोध किया तो आरोपियों ने पहले उन्हें पीठ पर गोली मारी और फिर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी बकरियां लेकर मौके से भाग निकले। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। बुजुर्ग की हत्या और बकरी लूट की इस वारदात ने पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले को प्राथमिकता में लिया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा तथा एसडीओपी राहुल कटरे के नेतृत्व में चार विशेष टीमों का गठन किया। तकनीकी साक्ष्यों, साइबर इनपुट और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति सिद्ध खान पहाड़ी क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर राकेश पाल निवासी कंदवा, ग्यादीन उर्फ मोनू पाल निवासी घुरारा जागीर और प्रेमलाल पाल निवासी जामुनसिर सोजना, जिला ललितपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तीनों ने हत्या और लूट की पूरी साजिश का खुलासा कर दिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी किसी बड़ी लूट या डकैती की वारदात को अंजाम देना चाहते थे। वे पिछले कई दिनों से पहाड़ियों में छिपकर अवसर तलाश रहे थे। अपराध आधारित फिल्मों और घटनाओं से प्रभावित होकर उन्होंने हथियार भी जुटा लिए थे। लेकिन जब कोई बड़ा मौका हाथ नहीं लगा तो उन्होंने बकरी चराने वाले बुजुर्ग को ही अपना निशाना बना लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बकरे समेत 15 बकरियां, एक 12 बोर देशी कट्टा, दो 315 बोर देशी कट्टे और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 1.58 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में थाना देहात प्रभारी चंद्रजीत यादव, उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा, उप निरीक्षक मयंक नगायच, साइबर सेल के रहमान खान सहित कई पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पूरी टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## शव लेकर थाने पहुंचे परिजन और ग्रामीण, हत्या

# फ्री में मछली न देने पर ले ली जान, थाने पर चार घंटे तक हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के भगवंतपुरा गांव में मामूली विवाद ने एक युवक की जान ले ली। मुफ्त में मछली देने से इनकार करने पर हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव लेकर थाने पहुंच गए और हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर करीब चार घंटे तक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के दबाव और विरोध के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार भगवंतपुरा निवासी बबलू केवट 27 मई की शाम गांव के समीप एक नाले में मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान पड़वार गांव निवासी सुभाष यादव वहां पहुंचा और उससे मुफ्त में मछली देने की मांग करने लगा। बबलू द्वारा मछली देने से इनकार किए जाने पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर सुभाष यादव ने बबलू पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे झांसी रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उपचार के दौरान रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। रविवार रात करीब आठ बजे परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण शव लेकर दिगौड़ा थाने पहुंच गए। उन्होंने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग करते हुए थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि घटना के बाद पुलिस द्वारा गंभीर धाराओं में कार्रवाई नहीं की जा रही थी। थाने के बाहर देर रात तक प्रदर्शन जारी रहा। करीब चार घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा की और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद रात लगभग 12 बजे आरोपी सुभाष यादव के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई के आश्वासन और प्रकरण दर्ज होने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ तथा परिजन अंतिम संस्कार के लिए रवाना हो गए। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। ग्रामीणों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## उप स्वास्थ्य केंद्र पर लटका मिला ताला

# महिला चिकित्सक की मनमानी का शिकार नयागांव उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावों के बीच नयागांव उप स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। सोमवार दोपहर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे मरीजों को अस्पताल के मुख्य द्वार पर ताला लटका मिला, जिसके बाद उन्हें बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने केंद्र में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ गरिमा वर्मा पर मनमानी और नियमित रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे जब मरीज उपचार कराने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां कोई स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद नहीं था और अस्पताल बंद मिला। इससे दूर-दराज से आए मरीजों, महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उप स्वास्थ्य केंद्र में यह स्थिति नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से अस्पताल का संचालन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार स्वास्थ्य केंद्र निर्धारित समय से पहले बंद कर दिया जाता है, जिससे मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पातीं। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र बंद मिलने के कारण कई मरीजों को निजी चिकित्सकों के यहां उपचार कराना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर गरिमा वर्मा अथवा स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका था। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा मुझे जानकारी मिली है मैं पूरे मामले की जांच करवाकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराता हूं।

**अतीक अहमद,** वीपीएन पलेरा

## व्यवहार और कार्यशैली पर उठाए सवाल, एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# प्रभारी तहसीलदार के खिलाफ पटवारियों का प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ तहसील के प्रभारी तहसीलदार अनिल गुप्ता के खिलाफ जिले के पटवारियों में असंतोष खुलकर सामने आ गया है। सोमवार को मध्यप्रदेश पटवारी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में पटवारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रभारी तहसीलदार को पद से हटाकर जिला मुख्यालय में संलग्न किए जाने की मांग की। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष चंद्रभान समारी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि प्रभारी तहसीलदार का रवैया कर्मचारियों के प्रति सहयोगात्मक नहीं है तथा लंबे समय से पटवारियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार प्रशासनिक स्तर पर मुद्दों को उठाने के बावजूद समाधान नहीं निकला, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि हाल के दिनों में सार्वजनिक अवकाश के दौरान भी पटवारियों को कार्यालय बुलाया गया और उन पर कार्य का दबाव बनाया गया। कर्मचारियों का कहना है कि अवकाश के दिन कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए, जिससे उनमें असंतोष की




स्थिति बनी। कुछ कर्मचारियों ने बंद कमरे में वीडियो बयान दर्ज कराने का आरोप भी लगाया है। पटवारी लक्ष्मी प्रसाद शुक्ला ने आरोप लगाया कि उन्हें अवकाश के दिन चरित्रावली सीआर संबंधी कार्य के लिए कार्यालय बुलाया गया, जबकि संबंधित प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी थी। उन्होंने इसे कर्मचारियों पर अनावश्यक प्रशासनिक दबाव बनाने का प्रयास बताया। कलेक्ट्रेट पहुंचे पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। उस समय कलेक्टर समय-सीमा बैठक की तैयारियों में व्यस्त थे। उन्होंने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को संबंधित अधिकारियों के पास भेजने का आश्वासन दिया। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो जिलेभर के पटवारी आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और अन्य लोकतांत्रिक माध्यमों से विरोध दर्ज कराएंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान रामगोपाल सेन, लक्ष्मी प्रसाद शुक्ला, आलोक द्विवेदी, विनोद अहिरवार, रमेश सूत्रकार, मनप्यारे शोर, राजकुमार अहिरवार, कुलदीप पथहरिया, अलराम अहिरवार, पंकज राज, राजेंद्र रिछारिया, प्रीति सेन, नीता सोनी, निधि तिवारी, अभिषेक पाठक, प्रशुत्तम गुप्ता सहित करीब 50 पटवारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पटवारी संघ ने प्रभारी तहसीलदार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

# कुछ माह में ही उखड़ गई सीसी सड़क, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल



**पलेरा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में नालंदा स्कूल के समीप निर्मित सीसी सड़क के कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त होने का मामला तूल पकड़ने लगा है। सड़क की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं, वहीं मामले को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ माह पूर्व ही लाखों रुपये की लागत से निर्मित की गई सीसी सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। सड़क की वर्तमान स्थिति को देखते हुए नागरिकों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किए जाने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि जिस सड़क की आयु वर्षों तक रहने की उम्मीद थी, वह कुछ ही महीनों में खराब होने लगी है। मामले को लेकर वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद दीपा यादव एवं पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने नगर परिषद प्रशासन को शिकायत सौंपकर निर्माण कार्य की जांच कराने और सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग की थी। शिकायत में संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया था। पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने बताया कि शिकायत के बाद नगर परिषद द्वारा संबंधित ठेकेदार को सड़क की मरम्मत एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया था। साथ ही वर्षाकाल शुरू होने से पहले आवश्यक सुधार कार्य कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक मौके पर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी होने से सरकारी धन का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है और आम जनता को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की तकनीकी जांच कराई जाए।

## एसपी मंडलोई व कलेक्टर श्रोत्रिय ने किया प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ

# सिंहस्थ के लिए पुलिस बल को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




सिंहस्थ-2028 महापर्व की तैयारियों को लेकर टीकमगढ़ जिले में पुलिस विभाग ने अभी से रणनीतिक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दोनों अधिकारियों ने सिंहस्थ-2016 के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया और आगामी सिंहस्थ में पुलिस एवं प्रशासन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल है, जहां सुरक्षा, व्यवस्थाओं और जनसुविधाओं का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में पुलिस बल को पहले से प्रशिक्षित और तैयार करना समय की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों को आधुनिक पुलिसिंग, तकनीकी दक्षता और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित पुलिस बल किसी भी बड़ी चुनौती का बेहतर ढंग से सामना कर सकता है और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और व्यवहारिक ज्ञान को अपने कार्य में उतारने की अपील की। वहीं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन में प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय ही सफलता की कुंजी होता है। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को आयोजन की जटिल व्यवस्थाओं को समझने और उनका प्रभावी संचालन करने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एक जून से 26 दिसंबर तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, घाट सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, मंदिर व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और जनसंपर्क जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से मार्गदर्शन दिया जाएगा। पुलिस विभाग ने प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए उन अधिकारियों की सेवाएं भी ली हैं, जिन्हें मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा उज्जैन में आयोजित उन्नत सिंहस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया गया है। ये अधिकारी जिले में मास्टर ट्रेनर के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए पुलिस बल को व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी कैलाश पटेल सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# वर्दी उतर सकती है, लेकिन सेवा व सम्मान कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं: एसपी

**चार दशक की निष्कलंक सेवा को सलाम कर तीन पुलिस अधिकारियों को दी सम्मानपूर्ण विदाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



सेवानिवृत्ति किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि अनुभव, सम्मान और उपलब्धियों से समृद्ध एक नए जीवन के अध्याय का शुभारंभ है। सेवा के दौरान अर्जित सम्मान और लोगों का स्नेह ही किसी अधिकारी की सबसे बड़ी पूंजी होती है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सेवानिवृत विदाई कार्यक्रम में उक्त वक्तव्य देते हुये कहा कि सेवानिवृत होने पर पुलिस की वर्दी उतर सकती है, लेकिन सेवा और सम्मान कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। पुलिस विभाग में अपने जीवन के चार दशक से अधिक समय तक ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा का परिचय देने वाले तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सोमवार को भावपूर्ण वातावरण में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित गरिमामय समारोह में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज, कानून और मानवता के प्रति आजीवन समर्पण का संकल्प है। समारोह में थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक इंशाफ अली, उप निरीक्षक दयाराम चक्रवर्ती एवं सहायक उप निरीक्षक राकेश तिवारी को उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल के उपलक्ष्य में सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार के सदस्यों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल की स्मृतियों को साझा करते हुए उनके योगदान को याद किया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि सेवानिवृत्ति किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि अनुभवों, उपलब्धियों और सम्मान से भरे नए जीवन अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि वर्दी भले ही एक दिन उतर जाती है, लेकिन सेवा, समर्पण और समाज में अर्जित सम्मान हमेशा व्यक्ति के साथ रहता है। उन्होंने तीनों अधिकारियों को विभाग की गौरवशाली परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि उनका अनुभव, अनुशासन और कार्य संस्कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। अपने लंबे सेवाकाल में तीनों अधिकारियों ने न केवल कानून-व्यवस्था के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया, बल्कि अपने व्यवहार, नेतृत्व क्षमता और कार्यशैली से अनेक युवा पुलिसकर्मियों का मार्गदर्शन भी किया। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि उनकी सेवाएं पुलिस महकमे के लिए सदैव यादगार रहेंगी।

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं पुलिस स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय और सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी कैलाश पटेल, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन मौजूद रहे।

### श्योपुर मंडी में करीब ढाई घंटे बंद रहा तुलाई कार्य

# खरीदी बंद होने से भड़के किसानों ने किया हंगामा,मंडी गेटों पर जड़े ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जैदा स्थित कृषि उपज मंडी श्योपुर में सोमवार को उस समय किसानों का आक्रोश फूट पड़ा, जब व्यापारियों द्वारा कुछ ट्रॉलियों की उपज खरीदने के बाद अचानक खरीदी प्रक्रिया रोक दी गई। खरीदी बंद होने से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप मंडी के दोनों मुख्य प्रवेश द्वारों सहित मंडी कार्यालय गेट पर ताला जड दिया और मंडी प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। हंगामा करने वाले किसानों का आरोप था कि सुबह मंडी में उपज लेकर पहुंचे किसानों की केवल चार ट्रॉलियों की उपज खरीदी गई। इसके बाद व्यापारियों ने खरीदी बंद कर दी। जब किसानों ने इसका कारण पूछा तो व्यापारियों ने टीन शेड में पर्याप्त जगह नहीं होने की बात कहते हुए खरीदी आगे जारी रखने में असमर्थता जताई। इससे मंडी में बड़ी संख्या में मौजूद किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा और उनकी परेशानी बढ़ गई। करीब ढाई घंटे चला किसानों का यह हंगामा तब शांत हुआ,जब मंडी प्रशासन की समझाइस पर व्यापारियों ने बोली कार्य प्रारंभ किया।

दरअसल सोमवार की सुबह कृषि उपज मंडी में रोज की भांति फसलों की बोली का कार्य शुरू हुआ। थोडी देर बाद व्यापारियों ने अचानक यह कहते हुए खरीदी बंद कर दी कि टीनशैड में माल रखने के लिए जगह नहीं है। किसानों का कहना है कि खरीदी बंद होने से मंडी परिसर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतार लग गई। तेज गर्मी के बीच किसान अपनी उपज के साथ मंडी में बैठे रहे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस दौरान किसानों ने मंडी सचिव से भी चर्चा कर खरीदी शुरू कराने की मांग की। लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो परेशान किसानों का आक्रोश भडक गया और आक्रोशित किसानों ने एकजुट होकर मंडी के दोनों मुख्य गेटों के साथही मंडी कार्यालय गेट पर भी तालाबंदी कर दी और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि यदि मंडी में उपज खरीदी के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है तो इसकी जिम्मेदारी मंडी प्रशासन और व्यापारियों की है, लेकिन इसका खामियाजा किसानों को नहीं भुगतना चाहिए।



#### ढाई घंटे मंडी में बंद रहा खरीदी कार्य

व्यापारियों के द्वारा खरीदी कार्य बंद कर दिए जाने के बाद आक्रोशित किसानों ने हंगामा कर दिया है। जो करीब ढाई घंटे तक चला। इस दौरान मंडी में करीब ढाई घंटे तक ही खरीदी कार्य बंद बना रहा। जिस समय मंडी में यह हंगामा हुआ,उस समय मंडी सचिव टीएल बैठक में शामिल होने के लिए गए थे। मंडी प्रशासन के दखल के बाद व्यापारी खरीदी शुरू करने पर राजी हुए और जिसके बाद किसानों का हंगामा शांत हो गया और फिर करीब डेढ बजे से मंडी में खरीदी शुरू हो गई।

#### व्यापारियों ने इसलिए बंद कर दी खरीदी

दरअसल मंडी परिसर में बने टीनशेडो में व्यापारियों के द्वारा अपना खरीदा गया माल रख रखा है। इस मामले में मंडी प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कुछ व्यापारियो को नोटिस जारी करते हुए दो टीनशेड में रखे व्यापारियों के माल को भी हटाकर उन्हें खाला कर दिया। इससे नाराज होकर व्यापारियों ने खरीदी बंद कर दी। व्यापारियों का कहना था कि मंडी प्रशासन इस तरह टीनशेडो से हमारे माल को हटवाएगा तो फिर हम माल कहां रखेगे। बाद में व्यापारियों ने मंडी प्रशासन के दखल उपरांत खरीदी कार्य शुरू कर दिया।

#### इनका कहना..

शासन के निर्देश पर हमने मंडी प्रांगण में मौजूद टीनशेडो से व्यापारियों का माल हटवा दिया,जिससे नाराज होकर व्यापारियों ने खरीदी बंद कर दी और फिर किसानों ने भी हंगामा कर दिया,जिसका पता चलते ही हमने समझाइस देकर खरीदी कार्य शुरू करवा दिया।

**आरके साकेत**
**मंडी सचिव, श्योपुर**

### ओछापुरा गांव का मामला,पुलिस बोली पीएम रिपोर्ट से साफ होगी मौत की वजह

## घर के आंगन में सो रहे युवक की मौत, परिजनों ने कहा आकाशीय बिजली गिरने से गई जान



#### पुलिस बोली पीएम रिपोर्ट से चलेगा मौत के कारणों का पता

मामले की सूचना मिलने के बाद ओछापुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनो से पूछताछ करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने युवक के शव का जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद उसे परिजनो के सुपुर्द कर दिया। पुलिस को युवक की मौत करंट से होने का भी अंदेशा लग रहा है। ओछापुरा थाना प्रभारी महेंद्र धाकड़ ने बताया कि मौत के कारणों का सही पता पीएम रिपोर्ट से चलेगा,इसलिए मर्ग दर्ज कर पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट से मौत की स्थिति साफ होने के बाद ही पुलिस की जांच आगे बढ पाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जिले की वीरपुर तहसील के अधीन आने वाले गांव ओछापुरा में बीती रात को घर के आंगन में सो रहे युवक की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि आधी रात को आकाशीय बिजली गिरने से यह हादसा घटित हुआ। फिलहाल ओछापुरा थाना पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव को परिजनो को सौंपा दिया। पुलिस ने बताया कि मौत का सही कारण पीएम रिपोर्ट से साफ होगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की जांच की कार्रवाई को आगे बढाया जाएगा।

परिजनो के अनुसार ग्राम ओछापुरा निवासी राजेश श्रीवास 32 वर्ष पुत्र श्याम श्रीवास रविवार सोमवार की दरमियानी रात को जब अपने घर के आंगन में सो रहा था, तभी खराब मौसम के बीच आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में राजेश श्रीवास आ गया। बिजली गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन नींद से जागे और गंभीर हालत में राजेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में लाया गया। जहां राजेश की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## भागवत कथा में मना नंदोत्सव, झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के पाली रोड क्षेत्र स्थित जाट छात्रावास में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को कथा व्यास आचार्य सुरेन्द्र महाराज ने वामन अवतार और रामावतार प्रसंग का वर्णन किया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। नंदोत्सव के दौरान लोग झूमने-नाचने लगे।

कथा व्यास आचार्य सुरेन्द्र महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा व्यास ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया।

### श्योपुर जिला उपभोक्ता फोरम का एतिहासिक निर्णय

## प्रसव में लापरवाही पर निजी हॉस्पिटल 56 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।




श्योपुर जिला उपभोक्ता फोरम ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए निजी अस्पताल प्रबंधन को एक महिला के प्रसव में लापरवाही बरतने का दोषी मानते हुए 56 हजार रुपए जुर्माना से दण्डित किया है. जुर्माना की राशि पीड़ति महिला को ब्याज सहित दिए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं.

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बायपास रोड श्योपुर निवासी प्रतिक्षा पत्नि दुर्गेश शर्मा ने अधिवक्ता अमित कसेरा के माध्यम से जिला उपभोक्ता फोरम में वाद लगाते हुए बताया कि उसने जिला अस्पताल श्योपुर के सामने स्थित निजी हॉस्पिटल में अपना प्रसव कराया जो ऑपरेशन से हुआ जिसके बाद उसे लगातार परेशानी होती रही जब वह दोबारा हॉस्पिटल गई तो उसे बताया गया कि टांको में गड़बड़ी हो गई, जिसे ठीक कर दिया जायेगा.

आवेदिका ने अनावेदक से कहा कि मेरे टांको में कुछ परेशानी है तो अनावेदक दोबारा टांके लगाये गये। लेकिन तबियत ठीक नहीं हुई और उससे इलाज के नाम पर कुल 300000/- रूपये लिए. लाभ नहीं मिलने पर आवेदिका ने कोटा के डॉ अमरीश पटोदी को अपना पेट दिखाया तो डॉक्टर ने कहा कि आपका पेट खराब कर दिया है तब आवेदिका ने एक ओर बार ऑपरेशन करवाया, जिसमें करीबन 100000 /- रूपये खर्चा हुआ। ऑपरेशन कराने और स्वास्थ्य लाभ होने के बाद आवेदिका ने उपभोक्ता फोरम में परिवाद लगा दिया दोनों पक्ष की सुनवाई के बाद राजेन्द्र प्रसाद शर्मा अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम एवं सदस्य संगीता बंसल ने फैसला दिया कि अनावेदक, आवेदिका को उपचार एवं उससे संबंधित अन्य मदों में व्यय हुई राशि 50,000/-रू. (पचास हजार रू.) का भुगतान करे।आवेदिका को हुई मानसिक परेशानी के लिए 5000/- रू. के साथ प्रकरण व्यय के लिए 1000/- रू.का भुगतान भी करे. आदेश का परिपालन आदेश दिनांक से 45 दिवस की समयावधि में सुनिश्चित किया जावेगा अन्यथा स्थिति में आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक उक्त राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी देय होगा।

## कराहल से तहसीलदार और टीआई को हटाया

**रायपुरिया को तहसीलदार तो भारत सिंह को सौंपी कराहल टीआई की जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

कराहल थाना क्षेत्र में हुए गोलीकांड में एक आदिवासी की हत्या के बाद उपजे विरोध के सुरो को शांत करने के लिए कराहल तहसीलदार रोशनी शेख और कराहल टीआई यास्मीन खान को कराहल से हटा दिया गया है और उनकी जगह नए अफसरो की तैनाती कर दी गई है। कलेक्टर शीला दाहिमा ने रोशनी शेख को कराहल तहसीलदार पद से हटाए जाने के बाद कराहल में प्रभारी नायब तहसीलदार नरेश रायपुरिया को बतौर कराहल तहसीलदार पदस्थ कर दिया है। वहीं पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने टीआई यास्मीन खान को हटाए जाने के बाद कराहल में इंस्पेक्टर भारत सिंह गुर्जर को कराहल थाने का नया टीआई बना दिया गया है। आदेश होने के बाद दोनो अधिकारियों ने कराहल पहुंचकर अपना अपना पदभार भी ग्रहण कर लिया है।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने नायब तहसीलदार रोशनी शेख को कराहल तहसीलदार पद से हटाए जाने के बाद कार्यालय कलेक्टर भू संसाधन प्रबंधन जिला श्योपुर में पदस्थ कर दिया है। उधर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने इंस्पेक्टर यास्मीन खान को कराहल से हटाए जाने के बाद महिला थाने में बतौर थाना प्रभारी पदस्थ कर दिया है।

#### अब गसवानी को नए थाना प्रभारी की दरकार

इंस्पेक्टर भारत सिंह गुर्जर को कराहल थाना प्रभारी बनाए जाने के बाद गसवानी थाना प्रभारी का पद खाली हो गया है। दरअसल वर्तमान में भारत सिंह गुर्जर बतौर थाना प्रभारी गसवानी थाने में पदस्थ है। अब उन्होने कराहल थाना प्रभारी का पद संभाल लिया है और एसपी द्वारा गसवानी थाने में नए थाना प्रभारी की फिलहाल तैनाती नहीं की गई है। जिसकारण गसवानी थाना फिलहाल खाली हो गया है।

## शक्तिदल और बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हिंदूवादी संगठन शक्तिदल एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कमिश्नर के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिले में जातिगत राजनीति, सामाजिक वैमनीय फैलाने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सोशल मीडिया पर भी इसको लेकर उचित निगरानी रखी जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान बडी संख्या में हिंदूवादी संगठनो के कार्यकर्ता मौजूद थे।



### सहरिया जनजाति के भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए चलेगा अभियान




**श्योपुर।** कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में जिले में सहरिया जनजाति के भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए 5 जून से अभियान चलाया जायेगा, जिसके तहत सहरिया आदिवासियों की भूमि पर इस समुदाय से भिन्न किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा पाया जाता है तो कब्जा हटाने के साथ ही भूमि सीमांकन का कब्जा दिलाने की कार्यवाही की जायेगी, यदि उनकी भूमि का बटांकन नही है तो बटांकन करने के बाद सीमांकन किया जायेगा। इस कार्य की निगरानी एसडीएम कराहल, श्योपुर एवं विजयपुर द्वारा की जायेगी तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही की जानकारी भू-अभिलेख शाखा की गूगल शीट पर अंकित की जायेगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में सोमवार को एक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें विधायक विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, रामप्रसाद गोरछिया सहित आदिवासी समाज के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहें। इसके साथ ही एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव भी उपस्थित रहें। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि सहरिया जनजाति के भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु 5 जून से 20 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत सहरिया समुदाय की भूमि पर गैर आदिवासी का कब्जा होने की स्थिति में कब्जा हटाने तथा सीमांकन कर कब्जा सौपने की कार्यवाही की जायेगी।

### एनएच 552 पर रायपुरा में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश

## फार्मर आईडी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।




जिले के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करते हुए उनकी आईडी जनरेट की जायें, एग्रीस्टैक एप पर प्रगति बढाई जायें, इसके माध्यम से ई-विकास प्रणाली अंतर्गत किसानों को उर्वरक की उपलब्धता में आसानी होगी। फार्मर रजिस्ट्री के लिए प्रगति बढाते हुए शत प्रतिशत किसानों की आईडी बनाई जायें, वर्तमान में 1 लाख 31 हजार खसरे रजिस्टर्ड किये गये है, जिन्हें किसानों के अनुरूप क्लब करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। यह निर्देश कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार को टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए अपने भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने जल का अपव्यय रोकने के लिए सभी को नलो में टोटियां लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने कहा कि एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों द्वारा की जा रही विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों को एमएसएमई पोर्टल पर पंजीकृत कराया जायें। इसके साथ ही उन्होंने समूहों को विभिन्न कार्य की आजीविका मूलक गतिविधियों से जोडने के निर्देश भी दियें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालयों, स्वच्छता परिसरों तथा स्कूलों के शौचालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील के माध्यम से सेवाएं प्राप्त की जा सकती है, जिससे स्थानीय सफाई मित्रों को भी आजीविका उपलब्ध होगी। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मानधन योजना में श्रमिकों को पंजीयन कराये जाने तथा एनएच-552 पर रायपुरा में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश भी दिये।

### सही समय पर उठाया गया कदम लाया सकारात्मक परिणाम

# जागरूकता ने भर दी रीति नदियां, गर्मियों में भी सीप और कदवाल नदी लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अप्रेल-मई माह में अमूमन सूख जाने वाली श्योपुर शहर की लाईफ लाईन माने जाने वाली सीप नदी इस बार जून माह में भी लबालब भरी हुई है. जो शहर का भू जल स्तर बनाए रखने में सहायक साबित हो रही है जिसके चलते नगरपालिका भी राहत में दिखाई दे रही है. ज्ञात हो की इस सीजन में नगरपालिका द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए लगाई गई बोर के सूखने की शिकायत आम रहती है. जिससे शहरवासी और पार्षद परेशान दिखाई पड़ते थे लेकिन अब एसी स्थिति निर्मित नहीं हो रही है. सह सुखद अनुभूति प्राकृतिक धरोहर नदी के संरक्षण के साथ जल संसाधन विभाग की जागरूकता के चलते संभव हो सका है.

पहले जिन नदियों को शहर के लिए जीवन दायिनी माना जाता था वो मानवीय भूल के चलते असमय सूखने लगी थी, वो नदियां अब मानवीय गलती सुधारने और प्रकृति की मेहरबानी से दोबारा पानी से भर गई हैं। विगत कई दशकों से जहां कदवाल नदी सूख कर खेती बाड़ी का हिस्सा बन जाति थी वहीं सीप नदी भी कभी पूरी तरह तो कभी आधे से अधिक सूख जाया करती थी पर इस साल यह नदियां लबालब सी दिखाई दे रही हैं। एक पखवाडा पहले तक सीप नदी का बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर बह रही थी जो अब करीब एक फ़ीट खाली हुई है. जो अधिक चिंता का विषय नहीं हैं. उधर सीप की सहायक कदवाल नदी भी भरी हुई दिखाई पड़ रही हैं जिससे लम्बे समय बाद ऐतिहासिक गुप्तेश्वर महादेव जी फिलहाल गुप्तवास में ही बने हुए हैं. इन दोनों नदियों को बचाए रखने में जल संसाधन विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसने बारिश के समय खराब हुए बंजारा डेम के गेट को उसी समय ग्वालियर से गौतखोर टेक्निशियन बुलाकर सही समय गेट ठीक करवा दिया वरना तब खाली हुई सीप को आज भरना असंभव हो जाता।



#### इन नदियों में चलता था गहरीकरण अभियान

जो सीप और कदवाल नदियां आज लबालब भरी दिख रही है वह इस सीजन में हमेशा जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य हिस्सा बनी रहती थी जल संरक्षण अभियान के तहत चलाए जाने वाले कार्यक्रमों में सूख चुकी सीप और कदवाल नदी का गहरीकरण मुख्य हिस्सा होता था जहां सीप का बंजारा डेम के आलावा गिर्राज घाट, जति घाट, पंडित घाट ऐसे स्थल थे जहां गहरीकरण अभियान जनसहयोग से चलाया जाता था. उधर गदवाल नदी का दार्शनिक स्थल गुप्तेश्वर मंदिर पर भी गहरीकरण चलाया जाना अभियान का मुख्य हिस्सा बना रहता था लेकिन इस बार यह दोनों नदियां लबालब भरी हुई है जिसके चलते हैं इस तरह का अभियान इस वर्ष चलाने की जरूरत ही नहीं पड़ी.

#### बारिश में गेट खराब होने से खाली हो गई थी सीप

बारिश के समय बंजारा डैम का गेट बीच रास्ते में अटक गया था जिससे सीप नदी सूखकर धरातल में पहुंच गई थी, सीप के सूखने का असर उसकी सहायक नदी कदवाल पर भी पड़ा दोनों नदियां तेजी से सूखने के चलते शहर के लोगों ने चिंता जताई तो जल संसाधन विभाग ने ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुलाए थे जिन्होंने बड़ी मशक्कत के बाद पानी में अतिरिक्त गेट की दीवार बनाकर गेट ठीक कर दिया और बाद में हुई बारिश ने सीप को फिर लबालब कर दिया. हालांकि बंजारा डेम का गेट इससे पहले भी अटका था जिसे गौतखोर मेकेनिकों से ठीक कराया गया था लेकिन गेट पूरी तरह नया निर्माण सीप को सुखाकर ही किया जा सकता था लेकिन इसका रिस्क जल संसाधन विभाग नहीं ले सकता यही हालात फिर निर्मित हो गए और जल संसाधन विभाग ने इस साल भी वहीं काम किया जिससे सीप भी सूखी नहीं और काम भी अच्छे से हो गया।

## नवविवाहिता ने ससुराल में खाया जहर इलाज के दौरान कोटा अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम उतनवाड में एक नव विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियो के बीच अपनी ससुराल में जहर खा लिया। गंभीर हालत में नव विवाहिता को इलाज के लिए कोटा राजस्थान के लिए रैफर कर दिया गया। जहां दो दिन भर्ती रहने के बाद उसकी मौत हो गई। बडौदा थाना पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक नव विवाहिता मीनाक्षी 25 वर्ष पत्नी विष्णु केवट की उतनवाड गांव में ससुराल है। जहां उसने 29 मई के दिन संदिग्ध परिस्थितियो के बीच जहर खा लिया। जिसका पता चलने पर ससुरालीजन उसे इलाज के लिए राजस्थान के कोटा अस्पताल में ले गए। जहां दो दिन भर्ती रहने के बाद उसकी मौत हो गई। बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि जहर खाने के कारणों का फिलहाल पता नहीं है। लेकिन मर्ग दर्ज कर इसके कारणों का पता लगाया जाएगा।

#### इधर युवक को एक राय होकर पीटा

**श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बगडुआ के पास नहर की पुलिया पर एक युवक की नामजद आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि यह विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ है। मारपीट के शिकार हुए फरियादी गुरप्रीत सिंह पुत्र मंजीत सिंह निवासी महू थाना देहात की रिपोर्ट पर मानपुर थाना पुलिस ने कुलवंत, सुखदेव, गुरूलाल, रंजीत, सचिन निवासी फतेहपुर के खिलाफ मारपीट की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## खबर संक्षेप

### दो ने फांसी लगाई, एक की करंट लगने से मौत

**अशोकनगर।** जिले में 3 अलग अलग लोगों की मौत हो गइ है। जिसमें दो फांसी लगाने की घटनाएं सामने आई हैं और एक घटना में करंट लगने से मौत हो गई है। जिले के मुंगावली थाने के अतंर्गत ग्राम जरखर निवासी सुल्तान पुत्र तुरैया आदिवासी उम्र 45 साल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है। इसी प्रकार मुंगावली थान के ही अंतर्गत ग्राम ढिचरी निवासी गोलू पुत्र गोविन्द राजपूत उम्र 22 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत काजी मोहल्ला मुंगावली निवासी दुर्गेश पुत्र नारायणप्रसाद प्रजापति उम्र 24 साल की अपने ही मकान के पीछे के खेरे में करंट लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की कचनार थाने की पुलिस ने ग्राम छीपौन निवासी धीरज सिंह चंदेल के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की चंदेरी पुलिस ने ग्राम सहसूदी निवासी संग्राम सिंह आदिवासी के पास से 04 लीटर और नईसराय पुलिस ने ग्राम रांठ निवासी रघुवीर परिवाहर से 05 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### भूमि का अनुबंध कराने के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत राहुल पुत्र हेमन्त शर्मा निवासी पूजा कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नैनीताल उत्तराखण्ड निवासी प्रमोद शुक्ला ने फरियादी के साथ भूमि का अनुबंध कराने के नाम पर 10 लाख रूपए की धोखाधड़ी कर छल किया है। पुलिस ने उक्त आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात आरोपी ने दो खातों से 1 लाख 45 हजार रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत यादव कॉलोनी निवासी हेमन्त पुत्र दिनेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कृष्ण संस्थान के पीछे यादव कॉलोनी में निवास करता है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने 29 और 30 मई के बीच में फरियादी के व्हाटस्प पर लिंक भेज कर उसके दोनों खातों से 1 लाख 45 हजार 976 रूपए धोखाधड़ी पूर्वक निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने की पुलिस ने ग्राम गरेंठी में नत्थू आदिवासी के खेरे के पास चल रहे जुए के अडडे से 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मानसिंह यादव, चन्द्रपाल यादव, अनिल यादव, मनीराम यादव, भानू यादव, खलक यादव, चैन सिंह तोमर, भोपाली यादव, राजू बघेले, माखन बंजारा, दीपक अहिरवार, रोहित तोमर, तिलक आदिवासी, गोपाल बंजारा, इन्द्रकुमार यादव, अरिबंद राठौर, इमरत यादव, गोलू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 11500 नकदी और 4 मोटरसाईकिल बरामद की हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैघरा कॉलोनी निवासी सरोज बाई कोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से बृजेश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामबिहारी कोरी, सरोजबाई, रूकमणि बाई कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## फिल्मी गानों पर अश्लील डांस का वीडियो वायरल, डीजे संचालक व ऑपरेटर पर केस

# आस्था पर फूहड़ता का ग्रहण, करीला माता मंदिर में मर्यादा तार-तार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले के विश्व प्रसिद्ध और करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र माता जानकी करीला धाम में एक बार फिर आस्था के साथ खिलवाड़ का बड़ा मामला सामने आया है। पावन मंदिर परिसर में मन्नत पूरी होने के नाम पर मर्यादाओं को ताक पर रखकर हुड़दंगियों द्वारा फिल्मी गानों पर फूहड़ और अश्लील डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद न सिर्फ श्रद्धालु भड़के हुए हैं, बल्कि मंदिर प्रबंधन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### लव-कुश की पावन जन्मस्थली पर डीजे का शोर

माना जाता है कि माता जानकी ने भगवान श्री राम द्वारा त्यागे जाने के बाद महर्षि वाल्मीकि के इसी आश्रम (करीला धाम) में लव और कुश को जन्म दिया था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, उस समय इस पावन जन्म की खुशी में स्वर्ग से अप्सराओं ने उतरकर यहाँ नृत्य किया था। इसी अनूठी परंपरा को जीवित रखते हुए यहाँ सदियों से राई नृत्य की प्रथा चली आ रही है। श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर माता जानकी के दरबार में आदरपूर्वक राई नृत्य करवाते हैं।

### परंपरा बनाम फूहड़ता

जिस पावन धरा पर सियाराम की महिमा गूंजनी चाहिए थी, वहाँ अब आस्था की आड़ में मर्यादा की लक्ष्मण रेखा पार की जा रही है। परंपरा के नाम पर परोसे जा रहे इस फूहड़पन ने मंदिर की गरिमा को शर्मसार कर दिया है।

### पहले भी हो चुकी एफआईआर

यह कोई पहली बार नहीं है जब करीला धाम में ऐसा अमर्यादित कृत्य हुआ हो। इससे पहले भी मंदिर परिसर में इसी तरह के फूहड़ डांस का वीडियो सामने आया था, जिस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की थी। लेकिन प्रशासन की ढिलाई और मंदिर प्रबंधन की लापरवाही के कारण हुड़दंगियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने दोबारा पवित्र आंगन को डांस फ्लोर में तब्दील कर दिया। मंदिर परिसर में अलग-अलग जगहों पर तेज आवाज में डीजे बजाकर अश्लील फिल्मी गानों पर कदम थिरकते नजर आ रहे हैं।

### सुलगते सवाल आखिर सोता रहा मंदिर प्रबंधन?

वायरल वीडियो के बाद अब क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और मंदिर प्रबंधन सीधे तौर पर कटघरे में है। जनता और श्रद्धालुओं के मन में कई तीखे सवाल उठ रहे हैं

1 जब मंदिर परिसर में कड़े नियम हैं, तो हुड़दंगी वहाँ डीजे लेकर कैसे दाखिल हुए?
2 पूर्व में हुई एफआईआर के बाद भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए?
3 आस्था के इस सबसे बड़े केंद्र पर जब मर्यादा तार-तार हो रही थी, तब मंदिर प्रबंधन और सुरक्षाकर्मी क्यों मौन साधे रहे?
4 परंपरा की आड़ में अश्लीलता का यह खेल आस्थावान भक्तों के दिलों को विचलित करने वाला है।

### डीजे संचालक और ऑपरेटर पर कार्रवाई की

बहादुरपुर के थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि करीला में डीजे पर फिल्मी गानों पर अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने के मामले में 5 लोगों पर कार्यवाही की गई है, जिनमें डीजे संचालक और ऑपरेटर शामिल हैं। इस कार्यक्रम के जो आयोजक हैं वह अज्ञात हैं उनकी की जानकारी ली जा रही है जिसके बाद उन पर भी मामला दर्ज किया जाएगा।

## 4 लाख रुपए का माल जब्त

# दो घरों में चोरी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा, सगे रिश्तेदार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




थाना ईसागढ़ क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 25-26 मई 2026 की दरम्यानी रात्रि में वार्ड क्रमांक 14, कंडेलगंज ईसागढ़ निवासी समीर खान एवं इरफान खान के घरों में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कमरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली गई थी। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना ईसागढ़ में अपराध क्रमांक 234/2026, धारा 305(1), 331(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में थाना ईसागढ़ पुलिस द्वारा विभिन्न टीमों का गठन कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी शाहरुख पुत्र आजाद खां, उम्र 24 वर्ष, आसिक उर्फ छिंगा पुत्र अजीज खां, उम्र 19 वर्ष एवं रोहित पुत्र सीताराम कुशवाह, उम्र 19 वर्ष सभी निवासी म्याना, जिला गुना को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, नकदी सहित कुल 3 लाख 30 हजार रुपये मूल्य का मशरूका तथा अपराध में प्रयुक्त लगभग 70 हजार रुपये मूल्य की मोटरसाइकिल जप्त की गई। इस प्रकार कुल 4 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्य आरोपी शाहरुख खान एवं फरियादी समीर खान आपस में सगे मामा-बुआ के लड़के हैं, जिससे आरोपी को परिवार एवं घर की जानकारी होने का लाभ मिला था। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## पेट्रोल पंप पर चॉकलेट बांटकर कांग्रेसियों ने जताया विरोध




**अशोकनगर।** डीजल पेट्रोल के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और बढ़ती महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ने रविवार को एक अनोखा प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रघुवंशी और किसान कांग्रेस अध्यक्ष रितेश रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शाम आठ बजे अचानक स्थानीय पेट्रोल पंप पर पहुंचे वहां ईंधन भरवाने आए वाहन चालकों और आम लोगों को कार्यकर्ताओं ने मेलोडी चॉकलेट बांटी जब हैरान लोगों ने इसका कारण पूछा तो कार्यकर्ताओं ने तंज कसते हुए कहा मेलोडी खाओगे तो खुद जान जाओगे इस अनोखे कटाक्ष के जरिए कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि कमर तोड़ महंगाई से जनता त्रस्त है इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी आईटी सेल प्रभारी नितिन रघुवंशी और चंद्रेश कुशवाह सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

## एक वर्ष पहले जलकर नष्ट हो गई थी गेहूं की फसल

# बैंक व बीमा कंपनी के बीच फुटबॉल बने किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एक वर्ष पहले क्षेत्र के झागर बमुरिया गांव में खड़ी फसलें आग की भेंट चढ़ गई थीं, इस घटना में 500 बीघा में खड़ी गेंहू की पकी फसल जलकर नष्ट हो गई थी। इस नुकसान की अब तक भरपाई नहीं हो पाई है। अभी भी 5 ऐसे किसान बैंक और बीमा कंपनी के बीच फुटबॉल बने हुए हैं, जिन्होंने न केवल फसल बोने के दौरान बीमा कराया बल्कि फसल नष्ट होने के बाद भी अपनी जमापूंजी किसान क्रेडिट कार्ड के कर्ज को चुकाने में लगा दी। अब यह किसान नियमित रूप से बीमा कराने और हर 6 माह में केसीसी जमा करने के बाद भी क्षतिपूर्ति नहीं ले पाए हैं। ऐसा नहीं है कि किसानों ने प्रयास नहीं किए बल्कि बीते एक वर्ष में वह दर्जनों चक्कर बैंक षाखा के लगा चुके हैं और कईयों दफा बीमा कंपनी से भी बात कर चुके जिन्हे अब तक केवल आष्वासन ही हाथ लगा है।

### 5 अप्रैल 2025 को 500 बीघा में खडी गेहूं की फसल आग लगने से नष्ट हो गई थी

दरअसल 5 अप्रैल 2025 को क्षेत्र के झागर बमुरिया गांव में अज्ञात कारणों से फसलों में आग लग गई थी। इस आग में करीब 1500 बीघा के खेत चपेट में आए। सर्व के दौरान सामने आया कि 500 बीघा में गेंहू की फसल खड़ी थी।

### सिंधिया भी खेतों पर पहुंचे थे

घटना के तुरंत बाद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेतों पर पहुंचे और किसानों को राजस्व विभाग द्वारा दिया जाने वाला मुआवजा बांटा। लेकिन उन किसानों को बीमा की क्षतिपूर्ति नहीं मिली जो नियमित रूप से फसल का बीमा करा रहे थे। इन किसानों में रमेश सेन 5 बीघा, देशराज सेन 7 बीघा, सरदार सिंह यादव 5 बीघा, रामसिंह यादव 4 बीघा एवं जगदीश यादव 3 बीघा वाले छोटे-छोटे किसान हैं।

### मौके पर पहुंचे कंपनी अधिकारियों ने भी दिया था दिलासा

पीड़ित किसानों ने बताया कि घटना के तत्काल बाद बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बाकायदा मौके का मुआयना किया, सर्वे रिपोर्ट तैयार की और जल्द ही बीमे की राशि देने का पक्का आश्वासन भी दिया था। लेकिन आज एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी किसानों के खातों में फूटी कौड़ी भी नहीं आई है।

### बैंक और बीमा कंपनी एक दूसरे के पास भेजकर टाल रहे हैं मामला

किसान जब इस संबंध में मध्यप्रदेष ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा में जाते हैं, तो बैंक प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए उन्हें सीधे बीमा कंपनी से बात करने की नसीहत देकर टाल देता है। परेशान किसानों ने सीएम हेल्पलाइन और बैंक के उच्च अधिकारियों की हेल्पलाइन पर कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। शिकायतों पर केवल कागजी कार्रवाई और झूठे आश्वासन मिल रहे हैं, जिससे किसानों का इस व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है।

### इनका कहना है

हमने सर्वे कर कंपनी स्तर पर रिपोर्ट जमा कर दी थी, पुलिस रिपोर्ट में आग की वजह मानवीय भूल था एवं नियमों के मुताबिक फसल बीमा में प्राकृतिक कारणों से नुकसान पर ही क्षतिपूर्ति मिलती है। फिर भी हम एक बार फिर अपने वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में बात करेंगे।

**महेन्द्र सिंह**, प्रबंधक,
एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी, अशोकनगर

## मन की बात का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया




अशोकनगर। कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर में मन की बात का 134 वा एपिसोड लाइव सुना गया आज 31 मई 2026 को प्रातः 11.00 बजे से प्रसारण शुरू हुआ। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बी एस गुप्ता आत्मा के बीटीएम डॉक्टर बैजनाथ सिंह यादव कृषि विभाग की कृषि विस्तार अधिकारी कुमारी सोनम रघुवंशी सहायक प्रबंधक हिमांशु यादव जिले की समस्त कृषि सखियां एवं प्राकृतिक कृषक शामिल रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री का प्रेरक और रोचक उद्बोधन सभी ने पूर्ण तन्मयता के साथ सुना।

## महिदपुर ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकली



**अशोकनगर।** नईसराय तहसील क्षेत्र के ग्राम महिदपुर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा के वातावरण में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा का शुभारंभ छापर स्थित मंदिर से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। यात्रा का समापन मनसा पूर्ण हनुमान जी मंदिर (तला वाले) परिसर में हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला के अंतर्गत आज से विधिवत हवन-यज्ञ का शुभारंभ भी किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों, आयोजन समिति एवं पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

# वासुपूज्य श्वेतांबर जैन मंदिर में श्री मणिभद्र वीर की आराधना व पूजन

## उल्लास के साथ संपन्न हुई शांति स्नात्र पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के प्रतिष्ठित श्री वासुपूज्य श्वेतांबर जैन मंदिर में ज्येष्ठ माह (पुरुषोत्तम मास) की पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार, 31 मई को भव्य शांति स्नात्र पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रभु भक्ति में लीन होकर धर्म लाभ लिया। इस पुनीत आयोजन और पूजा का सौभाग्य पेची के जैन (राजोरिया) परिवार को प्राप्त हुआ था। रविवार सुबह नित्य अभिषेक ओर नवअंग पूजा के बाद 9 बजे से शुरू हुए इस मांगलिक प्रसंग में अरिहंत परमात्मा की शांति स्नात्र पूजा संपन्न हुई। इसके साथ ही जैन धर्म के शासन रक्षक हाजरा हुजूर श्री मणिभद्र वीर की विशेष आराधना व पूजन भी पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ किया गया। लाभार्थी परिवार ने समस्त समाजजनों के साथ पूजा-अर्चना की।

### हर माह पूर्णिमा पर होती है शांति स्नात्र पूजा

आयोजन के दौरान मंदिर प्रबंधन ने बताया कि प्रत्येक माह की पूर्णिमा को श्री शांति स्नात्र पूजन की श्रृंखला आयोजित की जाती है। इसके तहत पूरे वर्ष का कैलेंडर जारी किया जाता है। आगामी महीनों में 29 जून (सोमवार) तथा 29 जुलाई को शांति स्नात्र पूजा का आयोजन किया जाएगा।

### आगामी पंच कल्याणक व अन्य विशेष अनुष्ठान

मंदिर समिति ने वर्ष 2026-27 में होने वाले आगामी पंच कल्याणक एवं अन्य विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की सूची और उनके लाभार्थी परिवारों की जानकारी भी साझा की है।

28 जुलाई 2026 (मंगलवार) श्री वासुपूज्य स्वामी मोक्ष कल्याणक - लाभार्थी प्रदीप कुमार विनय कुमार सुराना
22 अक्टूबर 2026 (गुरुवार) श्री आयंबिल ओली जी नवपद पूजन - लाभार्थी मंगलचंद अजय कुमार लुक्कड़
20 दिसंबर 2026 (रविवार) श्री मौन ग्यारस श्री पंच कल्याणक पूजन लाभार्थी राजेन्द्र कुमार गौरव कुमार कोचर
02 जनवरी 2027 (शनिवार) श्री पाश्र्वनाथ भगवान जन्म कल्याणक लाभार्थी राजमल नितिन कुमार कोठारी
04 फरवरी 2027 मेरु तेरस (ध्वजा महोत्सव)-लाभार्थी प्रदीप कुमार विनय कुमार सुराना
11 फरवरी 2027 (गुरुवार) श्री मणिभद्र दादा पूजन-लाभार्थी अभिषेक कुमार अदम्य कुमार पेंची
07 मार्च 2027 (रविवार) श्री वासुपूज्य स्वामी जन्म कल्याणक - लाभार्थी प्रदीप कुमार विनय कुमार सुराना।

## सिद्ध क्षेत्र की माटी को कलशों में भरकर स्थापित किया गया

# संसार का सबसे बड़ा पापी वह जिसकी योग्यता नष्ट हो गईः मुनि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



योग्यता को नष्ट करने वाला जन्म जन्म का पापी होता है संसार का सबसे बड़ा पापी है, जीवन में कभी योग्यता को नष्ट मत होने देना चाहे कितना ही कष्ट उठाना पड़े जिसकी योग्यता ही नष्ट हो आप भी राष्ट्रपति बन सकते हैं आपके अंदर योग्यता है इसको बनायें रखना जिंदगी में भले आप भले राष्ट्रपति न बन पाए सब राष्ट्रपति बन भी नहीं पायेगें पर योग्यता को बनायें रखें। दूसरा राष्ट्र द्रोह का काम जीवन में कभी मत करना, योग्यता को नष्ट मत करना, जिंदगी में किसी के अभिशाप से मत घबराना, वस इतना कर लेना कि अपने ही बेटे का अभिशाप मत करना। तुम्हारी पत्नी ही तुम को आयोग्य घोषित कर दें तुम देश द्रोही मत बन जाना, भीख मांग लेना लेकिन देश द्रोही कभी मत बनना। संसार में सबसे गन्दा काम अपने ही देश से द्रोह करना है ऐसे व्यक्ति को कभी माफी नहीं मिलती। उक्त आशय के उद्गार पारसधाम शाढ़ौरा में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए।

### तीर्थ की माटी से बन रहा है पारसनाथ तीर्थ धाम

इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज जिस भूमि पर हम बैठे हैं आज से यह पारस धाम होने जा रही है। इस भूमि पर तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में तीर्थ राज सम्मेद शिखर से लाई गई मिट्टी को कलशों में भर कर स्थापित किया जाना है। सौभाग्य शाली परिवार में आर्यिका मुदितमति माता जी के परिवार जन महेश कुमार मनोज कुमार चैवे को मुख्य कलश, वहीं जैन समाज अध्यक्ष डॉ भरत जैन, मुनि श्री निकंलक सागर जी महाराज के परिजन सुदीप जैन सदीप जैन हलवाई, भीलवाड़ा परिवार राकेश जैन, अनिल बाझल सहित अन्य सैकड़ों भक्तो दारा कलश विराजित किये गये। जिनका सम्मान कमेटी अध्यक्ष डॉ भरत जैन मंत्री दिनेश टरका कोषाध्यक्ष राकेश हलवाई दारा किया गया।

### आपको अन्यपूर्णा की सिद्धि के साथ संग्रहणी की बीमारी नहीं होगी

मुनिश्री ने कहा कि आप लोग प्रसाद चढ़ाते हैं कहने में आ रहा है भगवान को भोग लगा रहे हैं जबकि उसमें नारियल की एक चिटकी चढ़ाकर सब कुछ भक्तों में प्रसाद के रूप में बांट देते हैं यह हमारी संस्कृति का एक हिस्सा है। यदि आप भोजन करने के पहले ऐसा करते हैं तो आपको अन्नपूर्णा की सिद्धि के साथ ही संग्रहणी की बीमारी नहीं होगी, इसके लिए जो घर के पूज्य पुरुष है सबसे पहले भोजन करेंगे इसके बाद सभी ग्रहण करेंगे, इससे इतनी सिद्धि होती कि कितने ही लोग आ जायें कमी नहीं होगी। यही तो द्रौपदी करती थी बताते हैं उसके पास एक कटोरा था वह उसमें से कितने ही लोग आ जायें उनको खिलाती चली जाती थी सबसे आखिरी में वह भोजन करती थी यह सब सिद्धियां आपको भी प्राप्त हो सकती है।

### आज के दूषित वातावरण से हम बच नहीं पा रहे हैं

मुनि श्री ने कहा कि दुःख हमें दो कारण से आता है बाहरी कारण दूसरा अंतरंग कारण। आज वातावरण दूषित हो रहा है इससे हम नहीं बच पा रहे हैं, दूसरा अंतरंग कारण है जिसे आप संभल सकते हैं। सुबह उठते ही आपके मुख से कुछ शुभ निकले वह भगवान का नाम ले ऊं नमः सिद्धेभ्या बोलकर अपने मुंह से बोलें। पहले राजाओं के यहां मंगल गीत गायें जाते थे उठते ही शुभ शब्द उसे सुनाये जाते थे यह सब सगुन है जो हमारे जीवन में मंगल को प्रवेश दिलाते हैं। एक महिला भरा कलश लेकर निकल रही है इतने में ही आपका सगुन हो गया, ऐसे कितने लोगों का सगुन हो जाता है और वह सभी को दिखता भी है। वहीं एक विल्ली आपके रास्ते से निकले न जाने कितने लोगों का अप सगुन कर देगी, वह पाप के उदय का संकेत है, वस अब आपको संभल जाना चाहिए यह संकेत ही काफी होते हैं।